जैन समाजात प्रचंड खपाचे व लोकप्रिय मासिक

# जैन जागृति



(शुभारंभ : १५-८-१९६९) www.jainjagruti.in

६२ ऋतुराज सोसायटी, पुणे-सातारा रोड, भापकर पेट्रोल पंपा समोर, सिटी प्राईडच्या पुढची लेन, पुणे ४११०३७.

☎ : (०२०) २४२१५५८३

मोबाईल : संजय ९८२२०८६९९७, सुनंदा ९४२३५६२९९१

❖ संस्थापक ❖

स्व. श्री. कांतीलालजी चोरडिया

संपादक व प्रकाशक : संजय के. चोरडिया एम.ए.

संपादिका : सौ. सुनंदा एस. चोरडिया बी.कॉम.

❖ वर्ष ४७ वे ❖ अंक ३ रा ❖ नोव्हेंबर २०१५ ❖ वीर संवत २५४१ ❖ विक्रम संवत २०७१

## *।। दीपावली अंक ।।*

या अंकात


| या अंकात | पान नं. | | पान नं. |
|---|---|---|---|
| ● दीपावली पूजन विधी | २३ | ● महामंत्र की साधना | ९१ |
| ● दीपावली पूजनाचे शुभ मुहूर्त | २९ | ● अ.भा. समग्र जैन संम्प्रदाय तुलनात्मक तालिका - २०१५ | ९७ |
| ● दीपोत्सव का महापर्व | ३१ | ● मन को जीतो | १०३ |
| ● गौतमालय गृह संकुल - वडगाव शेरी | ३३ | ● महावीर का स्वास्थ चिंतन | ११५ |
| ● महावीर निर्वाण दिवस | ४३ | ● चाणक्याची समग्र जीवन कथा | १२३ |
| ● प्रभास का संदेश दीपावली | ४४ | ● रत्नसंदेश | १२९ |
| ● भाई बीज | ४५ | ● क्रोध आबाद तो जीवन बरबाद | १३९ |
| ● धनतेरस : लक्ष्मी या धर्म का रुप ? | ४७ | ● केवल देखना है... केवल जानना है ! | १४५ |
| ● यह दीपक कभी नहीं बुझता | ४९ | ● भाषण का अभ्यास इस प्रकार करें | १४७ |
| ● विश्वव्यापी अंधकार मिटाकर विजयोत्सव मनायें | ५१ | ● समस्या वरदान है ! | १५३ |
| ● सदगृहस्थ का धर्म | ५२ | ● करोडपती गरीब मम्मण | १५५ |
| ● महावीर पर सच्ची आस्था | ५३ | ● जीवन A One | १५६ |
| ● सात ज्योतियाँ | ५६ | ● हास्य जागृति | १५७ |
| ● महावीर गाथा | ६७ | ● गोल्डन डायरी | १५९ |

● आज आरै कल में फासला १६०
● आधुनिक काळात आईने मुलीला लिहिलेले पत्र १६१
● जबकि १६३
● जैन पध्दती से विवाह विधी १६४
● प्रेम परमेश्वर है १६७
● यश मिळविण्यासाठी १६८
● ईमानदारी सूं जी १६९
● काम करो मत, जीओ १७२
● एकत्र कुटुंब पध्दती की विभक्त कुटुंब पध्दती १७५
● कैसे रहें स्वस्थ ? १७६
● धन और धर्म समझलो मर्म १७९
● घराचं घरपण – चिऊकाऊच्या घरचं शहाणपण १८३
● पर्व एक : प्रसंग अनेक १८७
● तेजकिरण १८८
● जीवन का दिव्य गुण – शील १८९
● ज्योतिर्मय निर्वाण दिवस १९२
● अषाढाभूति १९५
● अनासक्त जीवन जीने की कला २०३
● मार्गानुसारी के गुण २०९
● घर विकत घेताना २११
● आयुष्य एक संघर्ष २१२
● महासती पुष्पचूला २१५
● फटाक्यापासून सावधान २१९
● बहुजन जैन ओबीसी ऐतिहासिक पार्श्वभूमी २२१
● सुर्यदत्ता ग्रुप, पुणे २२३
● जितो – दुबई ग्लोबल कॉन्फरन्स २२३
● आनंदऋषिजी हॉस्पिटल, अहमदनगर २२४
● प.पू. रमणिक मुनीजी म.सा. २२७
● सन्मति तीर्थ – निंबध स्पर्धा २२९
● JATF २२९
● आदर्श माता पुरस्कार २३०
● जिनेंद्र की आवाज – पुरस्कार २३१
● एकता अधिवेशन, डोंबिवली २३३
● भारतीय जैन संघटना, पुणे २३३
● जैन धर्मावर आक्रमण २३५
● जितो, जयपुर – परिचय सम्मेलन २३७
● उपकार को ना भूलें २३९
● उपधान तप, नाशिक २४३
● मानवीय हिंसा और भगवान महावीर का दृष्टीकोन २४४
● सामुहिक भिक्षु दया – मिरी २४६
● श्री. सुभाषजी रुणवाल, मुंबई २४७
● वीरायतन ग्लोबल कन्वेशन २४७
● विविध धार्मिक, सामाजिक व राजकिय बातम्या


**जैन जागृति मासिकाचे वर्गणी दर** ❖ एका वर्षात तीन विशेषांकासहित

❖ पंचवार्षिक वर्गणी –१५५० रु. ❖ त्रिवार्षिक वर्गणी – ९५० रु. ❖ वार्षिक वर्गणी – ३५० रु.

(बाहेरगावच्या चेकला १०० रु. जास्त) ❖ या अंकाची किंमत ५० रुपये.

❖ वर्गणी व जाहिरात रोखीने/on line/RTGS/AT PAR चेक/पुणे चेकने/मनीऑर्डर/ड्राफ्टने/'जैन जागृति' नावाने पाठवावी.

● www.jainjagruti.in ● www.facebook.com/jainjagrutimagazine


हे पत्रक संपादक, प्रकाशक, मुद्रक व मालक श्री. संजय कांतीलाल चोरडिया यांनी प्रकाश ऑफसेट, पर्वती, पुणे ९ येथे छापून ६२, ऋतुराज सोसायटी, पुणे ३७ येथे प्रसिद्ध केले. लेखकांच्या मताशी संपादक सहमत असतीलच असे नाही. जैन जागृति संबंधित कोणत्याही कायदेशीर कारवायीसाठी पुणे न्यायालय क्षेत्र ग्राह्य धरले जाईल.

## जैन जागृति मासिकात जाहिरात व वर्गणीसाठी संपर्क करा

फोन (०२०) २४२१५५८३, **मो. संजय:९८२२०८६९९७ सुनंदा:९४२३५६२९९१ www.jainjagruti.in**

**Email : jainjagruti1969@gmail.com ● Press Email : prakash.offset@rediffmail.com**

### ◆ जैन जागृतिचे प्रतिनिधी ◆

- ❖ **भोसरी, चिंचवड, निगडी –** श्री. चांदमलजी लुंकड – फोन : २७११९९४९, मो. ९९२१९११४०९
- ❖ **पुणे शहर ❖ जळगाव –** श्री. अनील कुचेरिया, मो. : ९७६३६४५०५५
- ❖ **गुरूवार पेठ, पुणे –** श्री. जैन पुस्तक भंडार, फोन : २४४७२९५८
- ❖ **धनकवडी, पुणे –** श्री. सुरेंद्र हिरालालजी बोरा, मो. ७५८८९४३०१५, ९९२२१११९६७
- ❖ **महावीर प्रतिष्ठान, पुणे –** निलम रमेशचंद्र शहा, मो. ९०९६८००५४७
- ❖ **वडगाव शेरी, पुणे –** सौ. भारती सुभाष नहार, मो. : ९८९०२७८३४६
- ❖ **वडगाव मावळ, पुणे –** श्री. राजेंद्र बाफना, मो. ९८२२२६२९०१
- ❖ **खडकी, पुणे –** श्री. विलास मुथा, मो. ९६२३१४८९८४
- ❖ **सासवड, हडपसर, पुणे –** श्री. राजेश प्रदीपजी कुवाड, मो. ९०२८५६६९७२
- ❖ **औंध, पाषाण, हिंजवडी, सांगवी, थेरगाव –** श्री. शिरिषकुमार शांतीलालजी डुंगरवाल, मो. ९०२१३००५५९
- ❖ **दापोडी, पुणे –** श्री. प्रवीण झुंबरलालजी चोरडिया, मो. ९९२२७५७७०६
- ❖ **नांदेड सिटी, पुणे –** श्री. प्रकाशजी हरकचंदजी बोथरा, मो. ९०११९८३६६६
- ❖ **दौंड, श्रीगोंदा –** श्री. रविंद्र चेनसुखलालजी गुगळे – ९८९०७२३४०२
- ❖ **अहमदनगर –** श्री. महेश एम. मुनोत– मो. ९४२०६३९२३०
- ❖ **जामखेड, आष्टी व कर्जत तालुका –** श्री. प्रफुल शांतीलालजी सोलंकी – मो. ९४०३६८५६७७, ८०८७७०००७०
- ❖ **सोनई –** श्री. मदनलालजी सी. भळगट – फोन : ०२४२७–२३१४६१
- ❖ **औरंगाबाद –** श्री. सुभाषचंदजी मांडोत–फोन: (०२४०) २३५३४३८ मो.: ९४२२७०५९२१
- ❖ **मुंबई** खारघर– श्री. मदनलालजी गांधी–मो. ९८२०५३६७९३
- ❖ **धनसोली, नवी मुंबई –** श्री. सुभाष केशरचंदजी गादिया, मो. ९१५८८८८६८५
- ❖ **नाशिक –** श्री. पुखराजजी बाबुलालजी जैन (कवाड) फोन:०२५३–२३११००८,मो.९४२३९३९९९०
- ❖ **नाशिक –** मनोज लखीचंदजी खिंवसरा, रविवार पेठ, नाशिक. मो. ९७६२२२१५०५
- ❖ **बीड –** श्री. अतुलकुमार शरदचंद्रजी कोटेचा, मो. ९९६००२४२२४
- ❖ **गारगोटी** (जि. कोल्हापूर) श्री. श्रीकांत राजाराम शहा, मो. ९८६०१०७७९२
- ❖ **श्रीरामपूर** –श्री. निलेश सुवालालजी हिरण, मो. : ९३२६९७२७४७
- ❖ **लासलगाव –** श्री. मनसुखजी साबद्रा, मो. : ९३२६३२५३४७
- ❖ **बारामती–** डॉ. महावीर छगनलालजी संचेती, फोन : ०२११२–२२३८०७ मो.:९३२५००४९५०
- ❖ **अंमळनेर, जि. जळगाव –** श्री. मयुरकुमार केवलचंदजी जैन, मो. ९४२२६५७१७७
- ❖ **धुळे –** श्री. चेतन सतिष कोटेचा, सुभाषनगर, धुळे, मो. ९४०४१९२४३४, ९४२०६६१४२६
- ❖ **शहादा, जि. नंदुरबार –** श्री. मनोजकुमार विरचंदजी बाफना, मो. ९४२१५२९६२६
- ❖ **कुर्डुवाडी, जि. सोलापूर–** श्री. सुभाष मोहनलाल लुणिया, मो. ९९६००००००२५
- ❖ **इचलकरंजी, जि. कोल्हापूर –** श्री. पोपटलालजी बिसनदासजी गुगळे, मो. ९८२२६५०९९८
- ❖ **मिरज, जि. सांगली –** श्री. राजेंद्र वसंतलाल शहा, मो. ९४२११०५७४८
- ❖ **कोल्हापूर –** सौ. लता कांतीलालजी ओसवाल, मो. ९४२३२८६०१४ फोन.०२३१–२५४२२५३
- ❖ **सातारा व सातारा जिल्हा –** श्री. जयकुमार कांतीलाल शहा, वाठार, मो. – ७५८८५६१३२०, ९८५०१८२६४४

*भगवान महावीरांच्या निर्वाणाने पुनीत झालेली दीपावली व
गणधर गौतम स्वामीच्या केवलज्ञान प्राप्तीने सुरू होणारे
नूतन वर्ष सर्वांना सुख, समृध्दी, समाधान व आरोग्यमय
जावो हीच हार्दिक शुभेच्छा !*

श्रीमती चंचलबाई कांतीलालजी चोरडिया
संजय - सौ. सुनंदा, सागर व चोरडिया परिवार
चेतन - सौ. स्नेहा, पर्व बांठीया, पुणे

## जैन समाजात सर्वांत जास्त खपाचे व लोकप्रिय मासिक

# जैन जागृति

संपादक
**संजय के. चोरडिया,** एम.ए.

संपादिका
**सौ. सुनंदा एस. चोरडिया,** बी.कॉम.

६२ ऋतुराज सोसायटी, पुणे-सातारा रोड, पुणे ४११०३७.
फोन : ०२० - २४२१५५८३, २४२१७८५०
मोबाईल : संजय - ९८२२०८६९९७, सुनंदा - ९४२३५६२९९१
**Website :** www.jainjagurti.in E-mail : jainjagruti1969@gmail.com

## Sagar S. Chordia

B. Tech., IIT Bombay
President Gold Medalist

**facebook** **Software Engineer**

Menlo Park, California, USA

*** आनंद डेव्हलपर्स, पुणे**

# दीपावली पूजन विधी

दीपावली हा दिव्याचा, तेजाचा, प्रकाशाचा, चैतन्याचा, आनंदाचा, उत्साहाचा, संकल्पाचा एक मंगलोत्सव. दीपावलीची अमावस्येचा दिवस म्हणजेच श्रमण भगवान महावीर स्वामींची निर्वाण रात्र. महावीर प्रभू याच रात्री पावापुरीमध्ये सर्व कर्मबंधन तोडून आणि देह सोडून मुक्त झाले. चतुर्दशी, अमावस्या आणि नवे वर्ष (कार्तिक शुद्ध प्रतिपदा) या तीन दिवसाचा हा उत्सव आहे. पौषध, उपवास आणि विशिष्ट जप-ध्यानाकरिता हा उत्सव अत्यंत महत्त्वाचा आहे. चतुर्दशी आणि अमावस्या या दोन दिवसा मध्ये उपवास केला जातो आणि भगवान महावीरांचा अंतिम उपदेश ज्या आगम ग्रंथात संग्रहीत केला आहे, त्या 'उत्तराध्ययन सूत्र'चे पठण, पाठण व श्रवण केले जाते. दीपावलीची सर्व रात्र महावीर प्रभूचे जपध्यान केले जाते. नव्या वर्षीच्या प्रात:काळी भगवान महावीरांचे प्रथम शिष्य ज्येष्ठ गणधर श्री गौतमस्वामी यांना केवलज्ञानाची सर्वज्ञाची प्राप्ती झाल्याने त्यांचे गुणगान केले जाते. अधिकांश जैन समाज आपल्या गुरुजनांच्या श्री मुखातून महाप्रभावशाली मंत्र गर्भित स्तोत्रांचे पठण तसेच गौतम स्वामींच्या मंगल रासाचे श्रवण करुन नव्या वर्षास प्रारंभ करतात.

---

## विधी

सर्व प्रथम पुजेला बसणाऱ्या सर्वांनी मंगल भावासहित तीन नवकार महामंत्राचा उच्चार करावा.

**नमस्कार महामंत्र**

णमो अरिहंताणं, णमो सिध्दाणं, णमो आयरियाणं,
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं,
एसो पंच णमोक्कारो, सव्वपावप्पणासणो,
मंगलाणं च सव्वेसिं, पढमं हवइ मंगलं ।।

**तीर्थंकरांना वंदना**

समवसरणचे ध्यान करुन पूर्व व उत्तर दिशामधील ईशान्य दिशेस तीर्थंकरांना वंदना करा.

**गुरुदेवांना वंदना**

आपण आपल्या गुरुदेवांना वंदना करा.

- शुभ मुहूर्तावर गादी अंथरुण त्यावर भगवान महावीर स्वामीजी, श्री गौतम स्वामीजी, श्री लक्ष्मी देवी, श्री सरस्वती देवी इ. चे फोटो पूर्व किंवा उत्तर दिशेला ठेवावेत.
- गादीवर नव्या वह्या, बिल बुके, चेक पुस्तक, सोने, चांदी किंवा धातुचे देवी-देवांचे शिक्के, दौत, पेन, पूजेसाठी लक्ष्मी व पूजेचे साहित्य ठेवावे.
- पूजेचे साहित्य - विड्याची देठासहित पाने, सुपारी, लवंग, विलायची, कुंकुम, वासक्षेप, अक्षदा (तांदूळ), श्रीफळ, फुले, तुपाचा दिवा, धूप, अगरबत्ती, जल, फळे, ऊस, नैवेद्य, लाह्या, बत्तासे, मोळी, आरती साठी कापूर इ.
- पुजा करणाऱ्यांनी तीन नवकार मंत्राचा जाप करून हातात मोळी बांधावी. सर्वांना कुंकूतिलक, अक्षदा लावावे.
- गादीच्या उजव्या बाजूस तुपाचा दिवा व डाव्या बाजूस धूप किंवा उदबत्ती लावावी.
- नवकार म्हणत-म्हणत दौत, लेखणी, दिवा, कळस, लक्ष्मी, ऊस इ. ना मोळी बांधावी.
- नव्या वहीच्या पहिल्या पानावर पुढील पानावर दिलेल्या चौकोनातील मजकूर लिहावा.

**।। ॐ अर्हम् नमः ।।**

**श्री**

**श्री श्री**

**श्री श्री श्री**

**श्री श्री श्री श्री**

**श्री श्री श्री श्री श्री**

**श्री श्री श्री श्री श्री श्री**

**श्री श्री श्री श्री श्री श्री श्री**

**श्री श्री श्री श्री श्री श्री श्री श्री**

**श्री श्री श्री श्री श्री श्री श्री श्री श्री**

**श्री शुभ 卐 श्री लाभ**

**श्री आदिनाथाय नमः श्री शांतीनाथाय नमः**

**श्री पार्श्वनाथाय नमः श्री महावीराय नमः**

**श्री सद्‌गुरूभ्यो नमः**

श्री गौतमस्वामी की लब्धि, श्री भरतजी की ऋध्दि, श्री अभयकुमारकी बुध्दि, श्री कयवन्नाजीका सौभाग्य, श्री धन्ना शालिभद्रजीकी संपत्ति, श्री बाहुबलीजीका बल, तथा श्री श्रेयांसकुमार की दानवृत्ती प्राप्त होवे !

श्री जिनशासन की प्रभावना होवे !

।। श्री सरस्वती देवी नमः ।। श्री महालक्ष्मी देवी नमः ।।

**वीर संवत २५४२, विक्रम संवत २०७२**

**कार्तिक सुद १ गुरुवार दि. १२/११/२०१५**

**पूजन दिन बुधवार दि. ११/११/२०१५**

ॐ

चौकोनातील मजकुर वहीत लिहून झाल्यावर त्या खाली ओल्या कुंकवाने स्वस्तिक काढावे. नवीन वह्या, मागील वर्षाची अकाऊंटची एक वही, बिल बुके, चेक पुस्तक, लक्ष्मी इ. सर्वांवर विड्याची देठासहित दोन पाने ठेवावी व त्याच्या वर एक रुपया, सुपारी, लवंग, विलायची ठेवावी. वह्यांच्या चारी बाजूस हातात थोडे पाणी घेऊन फिरवावे. मग वासक्षेप कुंकुपुष्पमिश्रित तांदुळाचे दाणे हातात घेऊन पुढे दिलेला श्लोक व मंत्र म्हणावा -

**मंगलं भगवान वीरो, मंगलं गौतम प्रभुः ।**
**मंगलं स्थूलीभद्राद्या, जैन धर्मोस्तु मंगलम् ।**

**मंत्र - ॐ आर्यावर्ते, आस्मिन् जंबूद्वीपे दक्षिणार्धभरते भरतक्षेत्रे-भारतदेशे (पूना) नगरे ममगृहे श्री शारदा देवी श्री लक्ष्मीदेवी आगच्छ आगच्छ, तिष्ठ तिष्ठ स्वाहा ।**

त्या अक्षदा वहीवर टाकाव्या. त्यानंतर खालील स्तुती म्हणावी.

**।। स्तुती ।।**

**स्वश्रीयं श्रीमद् अरिहंता, सिद्धः पुरीपदम्,**
**आचार्यः पंचधाचारं, वाचकां वाचनांवराम्।**
**साधवः सिद्धी साहाय्यं वितन्वन्तु विवेकिनाम्,**
**मंगलानां च सर्वेषां, आद्यं भवति मंगलम् ।**
**अर्हमित्यक्षरं माया, बीजं च प्रणवाक्षरम्,**
**एवं नाना स्वरूपं च, ध्येयं ध्यायन्ति योगिनः।**
**हृत्पदं षोडशदलं, स्थापितं षोडशाक्षरम्**
**परमेष्ठिस्तुते बीजं, ध्यायेक्षरदूरदं मुदा ।**
**मंत्रणामादिमं मंत्रं, तंत्र विघ्नौघ निग्रहे,**
**ये स्मरन्ति सदैवेनं, ते भवन्ति जिन प्रभा ।।**

त्यानंतर खालील मंत्र म्हणत **जल, चंदन, पुष्प, धूप, दीप, अक्षदा (तांदुळ), फळे, नैवेद्य** या आठ वस्तूंनी वहीपूजन करावे.

ॐ **ऱ्हीं श्री भगवत्यै, केवलज्ञान स्वरूपायै, लोकालोक प्रकाशिकायै, सरस्वत्यै, लक्ष्मयै (जलं) समर्पयामि स्वाहा ।**

(दुसऱ्यांदा परत हाच श्लोक म्हणत जलं च्या ऐवजी चंदनं म्हणावे. अशाप्रकारे आठही वस्तुंची नावे घेत आठ वेळा हा श्लोक म्हणावा.)

पूजा करणाऱ्या सर्वांनी उभे राहून खालील स्तोत्र व प्रार्थना म्हणावी-

**।। श्री सरस्वती स्तोत्र ।।**

**सकल लोक सुसेवित पंकजा**
**वर यशोर्जित शारद कौमुदी,**
**निखिल कल्मष नाशन तत्परा**
**जयतु सा जगतां जननी सदा ।।**
**कमल गर्भ विराजित भूधना,**
**मणि किरीट सुशोभित मस्तका,**
**कनक कुंडल भूषित कर्णिका,**
**जयतु सा जगतां जननी सदा ।।**
**वसुहरिद् गज संस्नपितेश्वरी**
**विधृत सोमकला जगदीश्वरी,**
**जलज पत्र समान विलोचना**
**जयतु सा जगतां जननी सदा ।।**
**निज सुधैर्य जितामर भूधरा,**
**निहित पुष्कर वृंदल सत्कारा**
**समुदितार्क सदृतनु बल्लिका,**
**जयतु सा जगतां जननी सदा ।।**
**विविध वांछित कामदुधाद्भूता,**
**विशद पद्म हृदान्तर वासिनी**
**सुमति सागर वर्धन चंद्रिका,**
**जयतु सा जगतां जननी सदा ।।**

**।। श्री लक्ष्मी स्तोत्र ।।**

**नमोस्तुते महालक्ष्मी महासौख्य प्रदायिनी**
**सर्वदा देही मे द्रव्यं, दानाय मुक्ती हेतवे ।। १ ।।**
**धनं धान्य धरां हर्ष, कीर्तिम्, आयु: यश: श्रियम्**
**वाहनाम् दन्तिन् पुत्रान, महालक्ष्मी प्रयच्छ मे ।।२।।**
**यन्मया वांछितं देवी, तत्सर्वं सफलं कुरू**
**न बान्ध्यन्ता कुकर्माणि, संकटान्मे निवारय ।।३।।**

**।। प्रार्थना ।।**

**सुंदर आरोग्य निवास करे दृढ तनमें ।**
**आशा, उत्साह, उमंग भरे शुचि मनमें ।**
**न हो अनुचित योग प्रयोग धन साधनमें ।**
**उत्कृष्ट उच्च आदर्श जगे जीवनमें ।**
**तम मिटे, ज्ञानकी ज्योति जगत में छाये ।**
**प्रभु ! दिव्य दिवाली भव्य भाव भर लाये ।**

ही प्रार्थना झाल्यावर एका थाळीत दिवा घेऊन खालील आरती म्हणावी.

**।। आरती ।।**

**सकल जिनंद नमी करी, जिनवाणी मन लाय ।**
**सरस्वति लक्ष्मी करू आरती, आतम सुगुरू पसाय ।।**
**ज्ञान जगतमें सार हैं । ज्ञान परम हितकार ।**
**ज्ञान सूर्यसे होता है, दुरित तिमिर अपहार ।।**
**श्री सरस्वती प्रभाव से, लहे जगत सम्मान ।**
**ज्ञान बिना पशु सारिखा, पावे अति अपमान ।।**
**श्रद्धा मूल क्रिया कही, ज्ञान मूल है तास ।**
**पावे शिव सुख आतमा, इससे अविचल वास ।।**
**अष्टमपद विशति पदे, सप्तम नवपद ज्ञान ।**
**तीर्थंकर पदवी लहे, आराधक भगवान ।।**

आरती झाल्यावर खालील अष्टदोहे म्हणावेत.

**।। अष्टदोहे ।।**

**अंगुष्ठे अमृत वसे लब्धितणा भंडार ।**
**जय गुरू गौतम समरिये, वांछित फल दातार ।।१।।**
**प्रभू वचने त्रिपदी लही, सूत्र रचे तेणीवार ।**
**चऊदह पूरब माँ रचे, लोकालोक विचार ।।२।।**
**भगवति सूत्र कर नमी, बंभी लिपी जयकार ।**
**लोकलोकोत्तर सुख भणी, वाणी लिपी अढार ।।३।।**
**वीर प्रभू सुखिया थया, दिवाली दिन सार ।**
**अंतर महूरत तत्क्षणे, सुखिया सहू संसार ।।४।।**
**केवलज्ञान लहे सदा, श्री गौतम गणधार ।**
**सुरनर पर्षदा आगले घट अभिषेक उदार ।।५।।**
**सुरवर पर्षदा आगले, भाखे श्री श्रुतनाण ।**

नाण थकी जग जाणिये, द्रव्यादिक चौठाण ।।६।।
ते श्रुतज्ञान ने पुजिये, दीप धूप मनोहार ।
वीर आगम अविचल रहो, वर्ष एकवीस हजार ।।७।।
गुरू गौतम अष्टक कही, आणि हर्ष उल्लास ।
भाव भरी जे समरशे, पुरे सरस्वती आस ।।८।।

### ।। लोगस्स (चउव्वीसत्थव) का पाठ ।।

लोगस्स उज्जोयगरे, धम्मतित्थयरे जिणे ।
अरिहंते कित्तइस्सं, चउवीसं पि केवली ।।१।।
उसभमजियं च वंदे, संभवमभिणंदणं च सुमइं च।
पउमप्पहं सुपासं, जिणं च चंदप्पहं वंदे ।।२।।
सुविहिं च पुप्फदंतं, सीयल सिज्जंच वासुपुज्जं च।
विमलमणंतं च जिणं, धम्मं संतिं च वंदामि ।।३।।
कुंथुं अरं च मल्लिं, वंदे मुणिसुव्वयं नमिजिणं चं।
वंदामि रिट्ठनेमि, पासं तह वध्दमाणं च ।।४।।
एवं मए अभित्थुआ, विहुयरयमला पहीणजरमरणा।
चउवीसंपि जिणवरा. तित्थयरा में पसीयंतु ।।५।।
कित्तियवंदिय महिया, जे ए लोगस्स उत्तमा सिद्धा।
आरुग्गबोहिलाभं, समाहिवरमुत्तमं दिंतु ।।६।।
चंदेसु निम्मलयरा, आइच्चेसु अहियं पयासयरा।
सागरवरगंभीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु ।।७।।

### ।। नमोत्थुणं का पाठ ।। (२ बार)

नमोत्थुणं अरिहंताणं, भगवंताणं, आइगराणं, तित्थयराणं, संय-संबुध्दाणं, परिसुत्तमाणं पुरिस-सीहाणं, पुरिस-वर-पुण्डरीयाणं, पुरिसवरगंध-हत्थीण, लोगुत्तमाणं, लोगनाहाणं, लोगहियाणं, लोगपईवाणं, लोगपज्जोयगराणं, अभयदयाणं, चक्खुदयाणं, मग्गदयाणं, सरणदयाणं, जीवदयाणं, बोहिदयाणं, धम्मदयाणं, धम्मदेसियाणं, धम्मणायगाणं धम्मसारहीणं धम्मवरचाउरंत-चक्कवट्टीणं दीवोत्ताणं, सरणगइपइट्ठाणं, अप्पडिहयवरनाणदंसणधराणं, विअट्टछउमाणं, जिणाणं जावयाणं, तिन्नाणं तारयाणं, बुद्धाणं बोहयाणं, मुत्ताणं मोयगाणं, सव्वन्नूणं, सव्वदरिसीणं, सिव-मयल-मरुअ-मणंत-मक्खय-मव्वाबाह-मपुणरावित्ति-सिद्धिगइ-नामधेयं ठाणं संपत्ताणं नमो जिणाणं जियभयाणं।

(दूसरे में - ठाणं संपाविउकामाणं णमो जिणाणं जियभयाणं)

### ।। मंगलपाठ ।।

चत्तारि मंगलं, अरिहंता मंगलं, सिद्धा मंगलं, साहू मंगलं, केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं । चत्तारि लोगुत्तमा, अरिहंता लोगुत्तमा, सिद्धा लोगुत्तमा, साहु लोगुत्तमा, केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमो । चत्तारि सरणं पव्वज्जामि, अरिहंते-सरणं पव्वज्जामि, सिद्धे-सरणं पव्वज्जामि, साहू-सरणं पव्वज्जामि, केवलिपण्णत्तधम्मं सरणं पव्वज्जामि। अरिहंतो का शरणा, सिद्धों का शरणा, साधुओं का शरणा, केवलिप्ररुपित दयाधर्म का शरणा । चार शरणा, दुर्गति हरणा और शरणा नहीं कोय, जो भवी प्राणी आदरे तो अक्षय अमरपद होय ।

अंगुष्ठे अमृत वसे, लब्धि तणा भंडार ।
श्रीगुरु गौतम सुमरिये, मनवांछित फलदातार।
भावे भावना भाविये, भावे दीजे दान ।
भावे धर्म आराधिये, भावे केवलज्ञान ।
पावे पद निर्वाण ।।

येथे दीपावलीची विधी पूर्ण होते. •

परंतु दीपावलीचा दिवस हा भगवान महावीरांच्या निर्वाणाचा दिवस आहे. त्या दृष्टिने प्रभूच्या फोटोसमोर दीप व धूप लावून रात्री खालील जपाच्या वीस माळा जपाव्यात.

**ॐ ऱ्हीं श्री महावीर स्वामी सर्वज्ञाय नम:**

त्यानंतर खालील जपाच्या वीस माळा जपाव्यात

**ॐ ऱ्हीं श्री महावीर स्वामी पारंगताय नम:**

ज्यांना या ४० माळा जपणे शक्य नसेल, त्यांनी यथाशक्ती जाप करावा.

कार्तिक शुद्ध प्रतिपदेस पहाटे स्नान करून ३ नमस्कार महामंत्राचा जाप करून नंतर,

**ॐ ऱ्हीं श्री गौतमस्वामी केवलज्ञानाय नम:**

या वीस माळा जपाव्यात.

त्यानंतर पुढील प्रार्थना म्हणावी.

**कुंदिंदुगोखीर तुसार वन्ना**
**सरोज हत्था कमले निसन्ना**
**वाएसिरी पुत्थय वग्ग हत्था**
**सुहायसा अम्ह सया पसथ्था**

या प्रार्थनेनंतर शक्ति तेज विद्या संपदाचा महान ओजस्वी मंत्र

**ॐ ऱ्हीं ॐ**

च्या वीस माळा जपाव्यात.

जैन मंदिरात जाऊन प्रभूचे दर्शन घ्यावे किंवा स्थानकात, उपाश्रयात जाऊन मुनिराजाचे दर्शन करून मंगलीक श्रवण करून यावे. कार्तिक शुद्ध प्रतिपदेस श्री गौतम स्वामींना केवलज्ञान झालेले आहे. त्यासाठी पहाटे गौतम रासाचे अवश्य श्रवण करावे. ●

## दीपावली पूजनाचे मुहूर्त

❖ **पुष्प नक्षत्र : आश्विन (मारवाडी मिती कार्तिक) वद्द ७**

**सोमवार दि. २-११-२०१५ :** दुपारी ४.३० ते ५.०० लाभ, सांय. ५.०० ते ६.३० अमृत, ६.३० ते ८.०० चंचल

**मंगळवार दि. ३-११-२०१५ :** सकाळी ९.३० ते ११ चंचल, दुपारी ११ ते १२.३० लाभ, १२.३० ते २.०० अमृत, ३.३० ते ५.०० शुभ

(पुष्य नक्षत्र सोमवार दि. २-११-२०१५ रोजी दुपारी ४.२५ ते मंगळवार दि. ३-११-२०१५ रोजी सायंकाळी ५.५२ पर्यंत आहे.)

❖ **धनत्रयोदशी : (धनतेरस) आश्विन (मारवाडी मिती कार्तिक) वद्द १३**

**सोमवार ता. ९-११-२०१५ :** सकाळी ६.३० ते ८.०० अमृत, ९.३० ते ११.०० शुभ, दुपारी २.०० ते ३.३० चंचल, ३.३० ते ५.०० लाभ, सायंकाळी ५.०० ते ६.३० अमृत, ६.३० ते ७.०० चंचल

❖ **महालक्ष्मी (दीपावली वही पूजन) : आश्विन (मारवाडी मिती कार्तिक) वद्द ३०**

**बुधवार दि. ११-११-२०१५ :** सकाळी ६.३० ते ८.०० लाभ, ८.०० ते ९.३० अमृत, दुपारी ११.०० ते १२.२० शुभ, ३.३० ते ५.०० चंचल, सायंकाळी ५.०० ते ६.३० लाभ, रात्री ८.०० ते ९.३० शुभ, ९.३० ते ११.०० अमृत ११.०० ते १२.३० चंचल

वृषभ लग्न कुंभ नवमांश सायं. ६.३० ते ६.४३. वृषभ लग्न वृषभ नवमांश सायंकाळी ७.१० ते ७.२२
वृषभ लग्न सिंह नवमांश सायंकाळी ७.४७ ते ८.००

❖ **नूतन वर्ष : वीर संवत २५४२, विक्रम संवत २०७२, कार्तिक शु।। १**

**गुरुवार दि. १२-११-२०१५ :** सकाळी ६.३० ते ८.०० शुभ, दुपारी ११.०० ते १२.३० चंचल १२.३० ते २.०० लाभ, २.०० ते ३.३० अमृत

**श्री शुभम् भवतु !**

**प्रेषक : नवीनकुमार बी. शहा -** २३० पाटील प्लाझा, मित्र मंडळ चौक, पुणे ९. मो. ९८२२०९०३३९
**पं. भवरलाल, पुरूषोत्तम दायमा** १३०६ रविवार पेठ, पुणे-२. फोन २४४७४८३५, मो. ९२७३७५१३४६

# दीपोत्सव का महापर्व

**लेखक : उपाध्याय अमरमुनि**

दीपोत्सव भारतीय त्योहारों का शिरोमणी है। दीपों का पर्व होने के कारण ही इसे दीपोत्सव या दीपावली कहते हैं। पर्व संस्कृति और सभ्यता के प्रतीक होते हैं तथा उनका संबंध किसी न किसी महत्त्वपूर्ण घटना से जुड़ा होता है। यह पर्व स्मृति ले आता है उस महत्वपूर्ण घटना की जो विश्वात्मा महाप्रभु महावीर के महानिर्वाण की घटना है। इस दिन अनन्त की यात्रा करने वाले अनन्त का स्मरण हो आता है। जिसने उस परम लक्ष्य को प्राप्त कर लिया था जिसके आगे और कोई लक्ष्य नहीं है। उसी महत्वपूर्ण लक्ष्य की प्राप्ति के लिए तथा प्रकाश की कामना में आज के दिन हम दीप जलाते हैं। जब चारों ओर अमावस्या का घनघोर अन्धकार हो, कालिमा हो उस भयानक अंधकार के बीच इन नन्हें दीपकों की झिलमिलाती रोशनी हमें अपने भीतर के अनन्त प्रकाश की स्मृति देती है ।

एक दीप प्रज्वलित होता है और प्रज्वलित होने पर वह अकेला नहीं रहता। अगर कोई दूसरा दीप उसे स्पर्श करता है तो उसे भी प्रकाशवान बना देता है। दीप से दीप जलकर दीपावली बन जाती है। भगवान महावीर का एक ऐसा आध्यात्मिक दीप प्रज्वलित हुआ था इस धरा पर कि वह जिस ओर गया उधर दीप से दीप जलते गये। जिसने भी उस दीप का स्पर्श किया वह प्रज्वलित हो उठा।

भारतवर्ष की हर परंपरा में सूर्य प्रकाश के देवता के रूप में प्रतिष्ठित है, उसे बहुत महिमा मिली है। किंतु वह केवल दिन का प्रकाशक है। रात में तो वह अस्तगत हो जाता है। तब रात के उस अंधेरे में कौन प्रकाश देता है? चाँद भी घटता-बढ़ता रहता है। अमावस्या को तो वह बिल्कुल गायब हो जाता है। एक भी उसकी कला नजर नहीं आती है। किंतु दीपक ऐसा प्रकाशकर्ता है, जो कभी धोखा नहीं देता। क्योंकि वह हमारी धरती का दीपक है। वह हमारे पुरुषार्थ का प्रतीक है। रात उजली हो या काली, अमावस्या की हो या पूर्णिमा की, हमारे पुरुषार्थ की प्रकाशक शक्ति के रूप में दीपक सर्वदा हमारे साथ चलता है।

अंधेरी रात तो है बेशक, मान लिया। प्रकृति ने सारे भू-मण्डल पर अंधेरा बिछा दिया। सघन अन्धेरा हो गया चारों ओर, फिर भी घबराहट क्यों होगी? दीपक जलाने का पुरुषार्थ तो तुम्हारे अपने पास है। दीपक जलाया जाता है, और वह जलता रहता है। तथा अंधेरे से संघर्ष करता रहता है। इतना ही नहीं, वह अपने जैसे अनेकानेक साथियों को भी खड़ा कर देता है। जो उसकी तरह ही जगमग-जगमग करने लगते हैं, तथा अंधेरी रात को प्रकाशित करने का एक महाप्रयास शुरु कर देते हैं।

दीपक को प्रज्वलित होने के लिए भगवान महावीर का समन्वयवाद आवश्यक है। समन्वयवाद अर्थात अलग-अलग अस्तित्वों का मिलकर एक हो जाना। दीपक के लिए दीपाधार की आवश्यकता होती है फिर उस दीपाधार में तेल या घृत की आवश्यकता होती है और तेल या घी में सराबोर बाती का अस्तित्व भी होना चाहिए। तभी अग्नि का स्पर्श उसे दीपक की संज्ञा देता है। जब तक अग्नि का स्पर्श नहीं होता, तेल और बाती दोनों ही अधूरे रह जाते हैं। न तेल काम करता है, और न बाती ही काम कर पाती है ज्युँ ही तेजस् का स्पर्श होता है, ज्योति जगमगाने लगती है। और तेल के साथ बाती घण्टों क्या, प्रहरों तक प्रज्ज्वलित होती रहती है। इस प्रकार तीनों के समन्वय से दीपक की ज्योति प्रज्ज्वलित होती है।

यह ज्योति हमें संदेश देती है कि हम जिस धरती पर रह रहे हैं, जिस समाज में रह रहे हैं, जिस परिवार में रह रहे हैं, सबका अस्तित्व यद्यपि अलग-अलग हैं, किंतु प्रेम की ज्योति अगर प्रज्ज्वलित है, तो सब एक

है। सब के दुख, कष्ट, समस्याएँ आपत्तियाँ दूर होकर सुख और शान्ति का साम्राज्य कायम हो सकता है । लेकिन कब? जब समन्वय हो, हृदय मिले हो, विचार से विचार मिले हो, मन में प्रेम की ज्योति प्रज्वलित हो तभी यह सुख का अखण्ड साम्राज्य स्थापित हो सकता है।

ऊपर उठने का संकल्प ही बाती है। प्रेम तेल है और हमारा महत्वपूर्ण भाव तेजस् है। तेज बना रहना चाहिए। हमारा मानसिक तेज, हमारी कार्य करने की शक्ति का तेज, हमारी संस्कृति का तेज प्रज्ज्वलित रहना चाहिए । यदि वह प्रज्वलित है तो फिर अंधकार समाप्त होता चला जाता है तथा ज्ञान का प्रकाश विस्तार पाता है ।

भगवान महावीर को 'लोगपइवाण' कहा है। लोक के प्रदीप हैं वे। दीप ही नहीं प्रदीप है क्योंकि उन्होंने ज्ञान का दीप जलाया-''प्रज्वलितो ज्ञानमय: प्रदीप:'' उनके ज्ञान दीप से कितने ही अंधकार पूर्ण जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैला। कितने-कितने अंधविश्वासों के गहरे घने अंधकारमय जीवन ज्योर्तिमय हुए। कहा है आचार्य ने-

देह ज्योतिषि यस्य मज्जति जगत् दुग्धाम्बुराशाविव।
ज्ञान ज्योतिषि च स्फुरत्यतितरां ओम्भूर्भुव: स्वस्त्रयी।
शब्द ज्योतिषि यस्य दर्पण इव स्वार्थाश्चकाशन्त्यमी।
स श्रीमान्नमरार्चितो जिनपति: ज्योतिस्त्रयायास्तु व:।।

तीन ज्योतियाँ है। प्रथम है देह ज्योति। भगवान महावीर का दिव्य स्वरूप ऐसा था कि बस तेज: पुंज, जैसे कि सहस्त्ररश्मि सूर्य हो। उस दिव्य देह के अस्तित्व में अंधकार नष्ट हो जाता था। दूसरी ज्योति ज्ञान की ज्योति जो कि हमारे मन के अंधकार को दूर करती है। अनार्यभाव के अंधेरे में पड़ा हुआ हमारा चित्त, हमारी चेतना, हमारा आन्तरिक जगत् सब को ज्ञान के प्रकाश से प्रकाशित कर देती है और तीसरी ज्योति है वाणी की ज्योति। उनकी वाणी दिव्य वाणी है कि जिसने ज्योति का रूप लिया है और हजारों वर्ष के बाद आज भी दिव्य वाणी दीप जला रही है, प्रकाश फैला रही है ।

देह की तो सीमा होती है, तो भले ही वह कितनी ही दिव्य हो। वज्रऋषभनाराच संहनन युक्त था प्रभु का शरीर, लेकिन वह देह ज्योति तो नहीं रही । उस शरीर को रखने के लिए हजारों-हजार देव और इंद्र आकुल-व्याकुल थे। गणधर-आचार्य, साधु और साध्वी, श्रावक और श्राविका सबके मन में गहन आकुलता थी कि यह ज्योति प्रज्वलित रहे, यह तेज बना रहे। लेकिन वह रहा नहीं। हाँ, अब प्रभु की दो ज्योतियाँ स्थिर हैं। जो काल की गति के ऊपर गतिशील हैं। वे हैं ज्ञान की ज्योति एवं वाणी की ज्योति जिसे शब्द ज्योति कहते हैं।

जो वाणी उनके मुख से मुखरित हुई थी, उस दिव्य वाणी को गौतम ने सुना, सुधर्मा ने सुना, राजा श्रेणिक ने सुना और तो क्या लकड़हारे ने सुना, भिखारियों ने सुना सबके मन में ज्योति जगमगा उठी थी उस वाणी को सुनकर। वह वाणी आज शास्त्र के रूप में उपलब्ध है। ढाई हजार वर्षो से वह वाणी यात्रा करती हुई आ रही है। उस ज्योति को हम अपने मन में बराबर संजोये रखने के लिए स्मरण करते हैं। आगे भी वह ज्योति प्रज्वलित होती रहेगी।

देह की ज्योति का मोह तो छोड़ना ही होगा। माना कि गणधर गौतम जैसे उच्चतम साधक को भी बहुत बड़ा आघात लगा था। जो चार ज्ञान के धनी थे। उनकी आँखों से भी आँसु बरस पड़े थे। अस्सी वर्ष की अवस्था में भी उनका मन व्याकुल हो उठा था।

लेकिन जब उनकी विचारधारा प्रभु की ज्ञान ज्योति और शब्द ज्योति की ओर मुड़ी तब यह बोध प्रकट हुआ कि ज्ञान रूप में मौजूद हैं प्रभु, उनकी वाणी तो शब्द ज्योति के रूप में मौजूद है। देह तो हम सुरक्षित नहीं रख सकते। वह हमारे बस की बात नहीं थी। लेकिन ज्ञानदीप प्रज्वलित रखना एवं शब्ददीप प्रज्वलित रखना तो हमारे पुरुषार्थ का काम है। और वे कैवल्य पा गये।

इस ज्ञान ज्योति के प्रकाश में आपका जीवन भी ज्योतिर्मय हो, आपका विचार ज्योतिर्मय हो, आपका कर्म भी ज्योतिर्मय हो तथा आपके सम्पर्क में आने वाले जो भी हो उनका भी मन अंधकार से दूर हो, स्वार्थो से दूर हो एवं एक निर्मल ज्ञान की ज्योति आपके जीवन में प्रज्ज्वलित हो । यही शुभ भावना। •

## गौतमालय गृह संकुल, वडगाव शेरी, पुणे – समाज समर्पण १ जानेवारी २०१६

उपाध्याय प्रवर प.पू. श्री प्रवीणऋषिजी म.सा. यांच्या प्रेरणेने स्थापन झालेल्या गौतमालयाच्या माध्यमातून वडगाव शेरी, पुणे येथे साधर्मिक बांधवासाठी बांधण्यात आलेल्या ३० फ्लॅटचे काम पूर्ण झाले आहे. १ जानेवारी २०१६ रोजी सुमारे ५० ते ६० साधू-साध्वीच्या उपस्थितीत या प्रकल्पाचा समाज समर्पण सोहळा आयोजित करण्यात आला आहे. या अनोख्या सोहळ्यास आपण सहपरिवार उपस्थित रहावे.

गौतमालयाच्या माध्यमातून वडगाव शेरी, अरिहंत प्रतिष्ठान जवळ, पुणे येथे ३० फ्लॅट बांधण्यात आले आहेत. ५ मजली बिल्डींगला लिफ्ट, पार्किंग इ. सर्व सोयी आहेत. प्रत्येक फ्लॅटमध्ये हॉल, किचन, गॅलरी, संडास, बाथरुम सुमारे ३७५ स्क्वे. फूटचा फ्लॅट बांधण्यात आला आहे. सदर फ्लॅट समाजातील गरजू साधर्मिक बांधवाना ३/५ वर्षासाठी लिव्ह ॲण्ड लायसन्स (Leave and License) बेसीसवर अल्पशा मोबदल्यात देण्यात येणार आहेत. तसेच या गृह प्रकल्पात राहाणाऱ्या सर्व परिवारांना दत्तक घेण्याचा संस्थेचा मानस आहे.

**गौतमालय समाज समर्पण सोहळयात साधर्मिक बांधवाना फ्लॅटचे वितरण करण्यात येणार आहे. तरी गरजू साधर्मिक बांधवानी सर्व माहितीसह लेखी अर्ज खालील पत्त्यावर पाठवा.**

- **संस्थेकडे अर्ज दिल्यानंतर संस्थेच्या ऑफीस मधून फॉर्म घेवून सर्व माहिती भरुन तो फॉर्म संस्थेच्या ऑफिस मध्ये द्यायचा आहे.**
- **फ्लॅटच्या अर्जासोबत गौतमालय कार्यकारिणी सदस्य, गौतमालय दानदाता व साधू-साध्वींची शिफारस पत्र जोडू नये. शिफारस जोडल्यास अर्जाचा विचार करण्यात येणार नाही.**
- **पुणे शहर व पुणे जिल्ह्यातील परिसरातील साधर्मिक बांधवांसाठी हे फ्लॅट देण्यात येणार आहेत.**
- **आपल्या माहितीतील गरजू साधर्मिक बांधव यांना गौतमालय गृह संकुलाची माहिती द्यावी म्हणजे त्यांनाही संस्थेकडे अर्ज करता येईल.**

**संपर्क : गौतमालय असोसिएशन, ७ दुग्गल प्लाझा, प्रेमनगर, बिबवेवाडी, पुणे – ४११०३७.**
**मो. : ९८५०७१४१६४**



### भगवान महावीर निर्वाण कल्याणक महोत्सव, पुणे
### आगम तीर्थ, पावापुरी जल मंदिर, कात्रज, पुणे

भगवान महावीर स्वामींच्या निर्वाणभूमि पावापुरी तीर्थ, झारखंड येथे भव्य जलमंदिर आहे. हजारो जैन बांधव दीपावलीला तेथे जावून तपश्चर्या, दर्शन, पूजा व जाप करतात. पावापुरी जलमंदिराची प्रतिकृती वर्धमान जैन आगम तीर्थ कात्रज, पुणे येथे स्व. श्री. मोहनलालजी गुलाबचंदजी बांठिया यांच्या प्रेरणेने उभारण्यात आले आहे. गत १० वर्षापासून येथे दरवर्षी निर्वाण कल्याणक महोत्सव साजरा करण्यात येतो. हजारो जैन बांधव या महोत्सवास दीपावलीच्या दिवशी येऊन दर्शन, पूजा, जाप यांचा लाभ घेतात.

दि. ११ व १२ नोव्हेंबर २०१५ रोजी रात्री ७ ते १२ या वेळेत आगम मंदिर व पावापुरी जल मंदिराला आकर्षक विद्युत रोषणाई व दीप सजावट करण्यात येणार आहे. तरी सर्वांनी या महोत्सवात सहभागी व्हावे.

**निमंत्रक : श्री वर्धमान जैन आगम तीर्थ, पुणे**



# महावीर निर्वाण दिवस

लेखक : आचार्य श्री ज्ञानसागरजी म.सा.

बंधुओं ! वर्ष में कुछ दिन ऐसे आते हैं जो व्यक्ति को चेतावनी देने का काम करते हैं जिन्हें आप सभी पर्व-त्योहारों के रूप में मनाते हैं ।

पर्वों की बेला में आप कुछ ऐसे कार्य करते हैं जो अन्य दिनों में आप नहीं करते हैं । किंतु आज पर्वों का उद्देश्य मात्र खाने, पीने, पहनने तक सीमित रह गया है। जबकि पर्व हमें सावधान कराने आते हैं, हमारी डिस्चार्ज बैटरी को चार्ज कराने आते हैं । पर्व जीवन में नई बहार लाते हैं, प्रसन्नता-प्रशस्तता का वातावरण उत्पन्न करते हैं । उत्साह, उमंग अगर आपके जीवन में है तो आप बहुत कुछ कर सकते हैं । अपनी चुनौतियों को, योजनाओं को, अपने प्रत्येक कार्य को सरलता से पूर्ण कर सकते हैं जिनके जीवन में उत्साह, उमंग नहीं है, वे कुछ नहीं कर पाते । वे व्यक्ति केवल समय काटते हैं, जीवन का निर्वाह करते हैं, जीवन को जीते नहीं।

बंधुओं ! जीवन का निर्वाह तो हर व्यक्ति कर लेता है, जीवन का निर्वाह नहीं, जीवन का नव-निर्माण करते हुए निर्वाण पद की प्राप्ति का लक्ष्य व्यक्ति का होना चाहिए । महावीर प्रभु ने जीवन का नव-निर्माण करते हुए उस पद की प्राप्ति की थी जिस पद के बिना संसारी प्राणी चारों गतियों के दुख उठा रहा है । वह है निर्वाण पद । आज महावीर निर्वाण दिवस सभी को यह संदेश देने आया है कि महावीर जैसा बनने का प्रयास करो, पर महावीर बनने के लिए महावीर के सिद्धांतो को अपनाना होगा ।

दीपावली पर्व को सभी धर्मावलंबी मनाते हैं । जैन धर्म के अनुसार आज के दिन श्री महावीर प्रभु को निर्वाण पद की प्राप्ति तथा सायं को गौतम स्वामी को केवलज्ञान की प्राप्ति हुई थी, इसी उपलक्ष्य में दीप जलाकर सभी ने प्रसन्नता जाहिर की थी ।

दीपावली पर्व के समय आप लोग बाहर की सफाई तो नहीं करते । अंतरमन में छल-कपट विद्यमान रहता है, दीपावली पर्व आपको अंतरमन की सफाई करने की प्रेरणा देता है । अत: अपने मन को सभी प्रकार के दोषों से मुक्त करना ही अंतरमन की सफाई करना है । दीपावली पर्व अंतर का दीप जलाने की प्रेरणा प्रदान करता है, जिसको पाने के बाद पुन: इस संसार में भटकना नहीं पड़ता ।

पर्वों को मनाने की सार्थकता तभी है जब हम अपने जीवन में कुछ परिवर्तन करें । दीपावली पर्व जहाँ हमें अहिंसा का संदेश देता है, वहाँ अब इस दिन हिंसा का भयंकर तांडव नृत्य होता है । पटाखों के माध्यम से कितने जीवों का हनन होता है, मात्र हिंसा ही होती हो ऐसा नहीं है, कई लोग तो जीवन से विदा हो जाते हैं । शरीर जल जाते हैं, आर्थिक हानि भी होती है । पर्यावरण भी प्रदूषित होता है । अत: दीपावली के दिन हिंसा के कार्यो से दूर रहना चाहिए और अपना मन ध्यान में लगाना चाहिए । सही मायने में यही पर्व का महत्व है ।

श्री महावीर प्रभु अहिंसा के मसीहा थे । उन्होंने अहिंसा का नारा देकर जियो और जीने दो का संदेश दिया । जगत के जीवों को जीने की कला सिखाई । अहिंसा आपसे कहती है, सभी को अपने जैसा समझो, दुखी को दुख मत पहुँचाओ । जिनके अंदर मैत्री की रोली घुलती है उनके जीवन में नम्रता, मृदुता, सरलता तथा सहजता रहती है । किंतु आज आप उनके संदेशों को भुलाकर हिंसा के मार्ग की ओर बढ़ रहे हैं।

महावीर ने हिंसा के तांडव नृत्य को जिस अहिंसा के शस्त्र द्वारा दूर किया, आज विश्व को उसी अंहिसा

के शस्त्र की आवश्यकता है ।

महावीर प्रभु ने पर्वों को समाज के साथ मिल-जुलकर उनके साथ अपने विचारों को व्यक्त कर, उत्साह से मनाने का संदेश दिया है । दीपावली पर्व अहिंसा का, आलोक का पर्व है । यह बुराई पर अच्छाई का संदेश देता है, इसलिए हमें इस पर्व की सार्थकता बनाते हुए अपने जीवन की बुराइयों को अच्छाइयों में बदलना चाहिए । अपने मत के कुविचारों को निकाल फेंकना चाहिए । उच्च विचारों के संग्रह से ही मनुष्य अपने जीवन में उन्नति की ओर अग्रसर हो सकता है ।

आज का दिन अहिंसा का दीप जलाकर हिंसा का अंधकार मिटाने का संदेश दे रहा है । महावीर प्रभु ने जन्म-मरण का नाश कर आज सत्यं-शिवं-सुंदरम् का मंजुल समन्वय रूप अवस्था को प्राप्त कर अनादि कालीन तड़पन/भटकन को दूर किया । महावीर प्रभु ने मोह-माया के बंधनों को तोड़कर ३० वर्ष की उम्र में ही मोक्षमार्ग की ओर कदम बढ़ा दिए और ४२ वर्ष की उम्र में केवलज्ञान की ज्योति से आलोकित हुए। ७२ वर्ष की उम्र में परिनिर्वाण की प्राप्ति की । इसी दिन गौतम स्वामी को केवलज्ञान की प्राप्ति हुई थी । इसलिए आज के दिन सभी महावीर प्रभु के प्रति लड्डू चढ़ाकर अपने भाव तथा अपनी आस्था समर्पित करते हैं ।

महावीर प्रभु की निर्वाण बेला के फलस्वरूप आप अपने घरों में दीपक जलाते हैं, उस हेतु १६ दीपकों में ४-४ बाती होनी चाहिए । १६ कारण भावनाओं के प्रतीक स्वरूप १६ दीपक तथा ४ बाती की अपेक्षा ६४ बाती ६४ ऋद्धियों का प्रतीक हैं ।

ध्यान रहे, दीपावली पर्व की सार्थकता मात्र लड्डू चढ़ाने से मत मान लेना । आप सभी अपने - अपने जीवन में एक-एक नियम लें, महावीर के सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारे, अपने-अपने कर्तव्यों का पालन करें, तभी इस पर्व को मनाने की सार्थकता होगी ।

•

## प्रयास का संदेश है 'दीपावली'

**आचार्य चन्दना**

हर दिन के पिछे रात है
रात का अन्धेरा है, घोर अन्धेरा ।

प्रकाश के हटते ही वह उसी प्रकार से अस्तित्व में बना रहता है । जैसे प्रकाश के पूर्व अस्तित्व में था। कम नहीं होता, क्षीण नहीं होता, घटता नहीं । बड़ा भयंकर है ।

रोज रोज प्रयास करना होगा
दीप जलाने होंगे ।
एक दीये से नहीं होगा कुछ,
दीपावली चाहिए ।
रुकना नहीं, थकना नहीं ।
कल भी रात थी, आज पुनः रात होगी ।
आज और कल ही नहीं, जीवन भर,
दीप जलाने होंगे दिन-प्रतिदिन ।
ढाई हजार वर्ष पूर्व,
तीर्थंकर महावीर ने कहा था पावा की धर्मदेशना में
'दीप से दीप जलाते चलो ।'
अंधेरा अनायास है । अज्ञान का, अभाव का,
नासमझी का, पीड़ा का । अनन्त है अंधेरा ।
पर एक ज्ञान का दीप प्रज्ज्वलित हो जाय,
एक प्रेम की ज्योति जगमगा उठे,
नहीं टिक सकता वह,
उसे तिरोहित होना ही होगा ।
पर, प्रयास सतत चाहिए
हर रात दीप जलाने होंगे
पुनः पुनः दीप प्रज्वलित करने होंगे ।
प्रयास का संदेश, प्रकाश का संदेश,
उत्सव का संदेश है दीपावली
इसीलिए यह दीपोत्सव है ।

•

# भाई बीज

**लेखक : छत्तीसगढ प्रवर्तक महाश्रमण रतनमुनि**

भारतीय पर्व प्रेम सौहार्द्र के प्रतीक है। समय-समय विभिन्न पर्व यहाँ मनाये जाते है। उसी पर्व की पावन श्रृंखला के अन्तर्गत दो पर्व भाई-बहन से संबंधित है। भाई-बहन प्रेम अनोखा होता है और प्रेम को वृद्धिंगत करने के लिए एक-दुसरे की रक्षा और भावी भविष्य उज्जवल मंगल हो इसलिए प्रथम पर्व रक्षा बंधन का मनाया जाता है इस दिन बहनें भाई के यहाँ आती है। भाई उसे स्नेह पूर्वक रखते है कुछ न कुछ अपने सामर्थ्य नुसार देता ही है। भाई सुखी हो तो बहन के दुख के दिनों में काम आता है और बहन सुखी हो तो भाई के दुख को दूर करने का प्रयास करती है।

और दूसरा त्यौहार भाई दूज (भैय्या बीज ) का दिन । बहन अपने घर भाई को बुलाती है उसे भोजन आदि कराती है इस प्रथा का कारण यह कि वैशाली गणराज्य के क्षत्रीय कुण्डग्राम के राजा सिद्धार्थ के यहाँ महारानी (त्रिशला देवी) के रत्नकुक्षि से स्व-पर कल्याण के कारक चरम तीर्थंकर का जन्म चैत्र शुक्ल त्रयोदशी के दिन हुआ था। राज वैभव में रहते हुए भी एकदम विरक्त रहते थे। उन्होंने गर्भ में ही संकल्प लिया था कि जब तक माता पिता है तब मैं संयम ग्रहण नहीं करुँगा। जब वे २८ वर्ष के हुए तब तक माता पिता का वियोग हुआ। गर्भकाल में लिया गया संकल्प पूर्ण होने के कारण अपने अग्रज भाई नन्दीवर्धन जी से दीक्षा की बात कहीं। परंतु भाई तो संसारी थे । एकदम मोह किस तरह हट सकता था वे विरक्त नहीं थे । अत: भाई की आज्ञा से वे दो वर्षों तक संसार में रहे लेकिन आत्मलीन होकर तीस वर्ष की आयु में स्वयमेव प्रतिबोधित होकर प्रवर्जित हुए। दीक्षा लेने के पश्चात् साढे बारह वर्षों का ध्यान कायोत्सर्ग तप आदि की साधना में रत रहे इस काल में अनेकों घोराती घोर परिषहों को सहन करना पडा और उसकी फलपूर्ति यह हुई की ऋजुबालिका नदी के किनारे गोदुह आसन में शाल्मली वृक्ष के नीचे हलुक कृषक के खेत में केवल्यज्ञान (सर्वज्ञाता, सर्वदृष्टा बने) की प्राप्ति हुई तदान्तर तीस वर्ष तक निरंतर पद विहार कर अनेकों भव्य आत्माओं को शाश्वत धर्म के रहस्यों से अपनी वाणी की वाधरणा के द्वारा देशना में अवगत कराया, अनेक आत्माओं को मुद्रित कर मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर किया।

प्रभुवीर का अंतिम वर्षावास पावापुरी में राजा हस्तिपाल की रज्जुकशाला में था। जनता को विदित था इस कारण अपार मात्रा में जनसमूह उमड-उमड कर आ रहा था दो-दो दिनों के पौषध व्रत में नौ-मल्लवी, नौ-लिच्छवी राजा बैठे थे प्रभुवीर का छट्ट तप का अंतिम सोलह प्रहर तक अविराम और अवाध गती से देशना की और कार्तिक बदी अमावस्या के दिन मध्यरात्रि में चार अघाती कर्मों को क्षय कर निर्वाणावस्था को प्राप्त किया।

भगवान तो वीतरागी थे, उन्हें किसी के प्रतिराग या द्वेष नहीं था परन्तु संसारावस्था में जो अग्रज भाई नंदीवर्धन थे उन्हें तो अपने भाई से राग था मोह था भाई के निर्वाणास्था को वे सहन करने में अपने आपको असमर्थ सा मान रहे थे अतः वे अत्यंत शोकाकुल हुए थे। तब बहन सुदर्शना ने भाई को अपने घर बुलाकर संसार के स्वरुप को समझाया, अनित्यता का भान कराया और पाँचो ही कल्याणक (च्यवन, जन्म, दीक्षा, केवलज्ञान और निर्वाण) महोत्सव का कारण होते है। अतः आप शोक न करें शोक करने से आर्तध्यान, रौद्रध्यान होता है यह कर्मबंध का कारण है इसे भली भाँति समझे, साथ ही आयुकर्म क्षय होने पर पुनः उस पर किसी का कोई जोर वश आदि नहीं चलता। जितना जिसका आयुष्य होता है उतना उसे भोगना पडता है। इससे कम या अधिक नहीं। यह बात सुनकर भाई नंदीवर्धन शोक मुक्त हुए तब बहन ने उन्हें मिष्ठान आदि का भोजन कराया और तब से यह भैय्या बीज की प्रथा परंपरा आज तक चलती आ रही है भाईदूज हमारी चेतना जागृत करे। सही सोच का प्रादुर्भाव हमारे भीतर करे। यही शुभकामना । ●

# धनतेरस : लक्ष्मी या धर्म का रुप?

**लेखक : ज्ञान दिवाकर राष्ट्रसंत प्रवर्तक श्री गणेश मुनि शास्त्री**

जैन परम्परा के चौबीसों तीर्थंकर राजा हुए हैं। राजा ही नहीं चक्रवर्ती तक हुए हैं। सभी ने विपुल राजवैभव को त्यागा था। अगणित राजा और श्रेष्ठी धन-वैभव का त्याग करके जैन श्रमण बने हैं। देखने में ये सभी श्रमण निर्धन दिखाई देंगे पर बात एकदम उलटी है। श्रमण जैन भिक्षु होते हैं, पर भिक्षुक नहीं। भिक्षु और भिक्षुक में बाहर से समानता, पर भीतर से आकाश-पाताल का अंतर है. बाहर से तो हंस और बगुला एक जैसे सफेद है। पर हंस तो विवेक का रुप है। वह सार-असार को अलग करना जानता है। बगुला भक्ष्या भक्ष्य खानेवाला अविवेक का प्रतीक है।

**भिक्षु और भिक्षुक -**

श्रमण या भिक्षु धन का त्यागी तो है, पर निर्धन नहीं है। उसके पास ज्ञान-धन की सम्पन्नता है। वह मुक्त रुप से ज्ञान का वितरण करता है और जो लोग उससे ज्ञान प्राप्त करते हैं, वे कृतज्ञ भाव से संत-श्रमण अथवा भिक्षु को आहार दान देते हैं। भिक्षुक या भिखारी भी आहार लेता है, पर आहार मांगना उसकी विवशता है, क्योंकि वह भाग्य से दरिद्र, निर्धन अभावग्रस्त है। वह दीन है। भिक्षु दीन नहीं है।

तो जैन दर्शन दीनता, दैन्य या दारिद्रय का पोषक नहीं है। वह सम्पन्नता और समृद्धि का पक्षधर है। लेकिन वह धनिकों को धन की आसक्ति के व्यामोह से निकालकर ही धनी बनने का उपदेश देता है। इसीलिए जैन दर्शन अपने धर्मी-कर्मी गृहस्थों-श्रावकों को त्याग, दान और अपरिग्रह का उपदेश देता है।

धर्म हमें समझाता है कि दरिद्रता सभी पापों की जननी है। दरिद्रता स्वयं में एक मूर्तिमान पाप है। संसार में सबसे बडा दुख दरिद्र होता है-

**'नहीं दरिद्र सम दुख जग माहीं।'**

श्रावक समाज में रहता है। उसे धन चाहिए। धन के बिना वह न तो अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकता है, न मित्रों-सम्बन्धियों की सेवा कर सकता है और न परोपकार कर सकता है। उसे धन ही नहीं प्रचुर धन चाहिए। धन की वृद्धि के साथ जैन दर्शन अपरिग्रह का नियम भी बताता है। ध्यान रखें अपरिग्रह और दरिद्रता में आकाश-पाताल का अंतर है। अपरिग्रह संतोष की समृद्धि है और है अनासक्ति। दरिद्रता में धन की आसक्ति तो है ही, साथ में घोर दुख भी है। त्यागी बनो पर भिखारी मत बनो। त्यागी तो तभी बनेंगे, जब धन होगा और भिखारी तब बनेंगे जब धन का अभाव होगा । भिक्षुक भिखारी है और भिक्षु त्यागी है।

त्यागी इच्छा शून्य होता चला जाता है। धन के त्याग के साथ उसकी इच्छाएँ भी नहीं रहतीं। त्यागी कार होते हुए भी खुशी-खुशी पैदल चलेगा और दरिद्र रो-रोकर पैदल चलेगा, क्योंकि उसके भीतर कार की इच्छा है, पर कार नहीं है। दरिद्रता के विषय में एक पाश्चात्य दार्शनिक ने भी कहा है -

Poverty is the Mother of all evils अर्थात गरीबी समस्त पापों की जननी है।

**निर्धनता अभिशाप -**

निर्धनता व्यक्ति की हो या समाज की अथवा राष्ट्र की, सभी के लिए अभिशाप है। आज के परिवेश में हम देखते हैं कि राष्ट्रों की दो कोटियाँ हैं- एक विकसित राष्ट्र और दूसरे विकासशील राष्ट्र । स्पष्ट शब्दों में जो राष्ट्र धनी है उनकी संज्ञा विकसित राष्ट्र है और निर्धन राष्ट्र को विकासशील राष्ट्र कहते हैं। भारत कहने को तो विकासशील राष्ट्र है, पर वस्तुतः यह निर्धन राष्ट्र है। यही कारण है कि धनी राष्ट्र अमरिका भारत पर हावी है। दरिद्रता के साथ एक दुख ऋण का भी जुड जाता है। भारत ऋण पर ऋण लेता जा रहा है। निष्कर्ष यह है कि धनतेरस धन के धर्म संगत उपयोग का त्यौहार है। धनी बनने का पर्व

है, पर साथ में त्याग और अपरिग्रह से माण्डित पर्व है, धनतेरस।

धन के विषय में श्रमण और श्रावक की विपरीत दृष्टियाँ हैं। साधु के लिए कबीर ने बडी अच्छी सीख दी है- जो साधु पास में पैसा नहीं रखता और स्त्री से प्रेम नहीं करता, मैं कबीर ऐसे साधु के पैरों की धूल हूँ-

गाँठी दाम न बाँधई, नहिं नारी सों नेह।
कह कबीर ता साधुकी, हम चरनन की खेह।।

एक दूसरे स्थान पर कबीर कहते हैं कि साधु पास में पैसा नहीं रखता, वह तो उदर पोषण के लिए आहार-भर लेता है, क्योंकि उसके आगे-पीछे तो हरि रहते हैं, वह जब मांगता है, हरि उसे आहार देते हैं-

साधू गाँठ न बाँधाई, उदर समाता लेय ।
आगे-पीछे हरि खडे, जब माँगे तब देय।।

**दोनों कौडी के -**

यही बात दूसरे शब्दों में एक संत ने कही है - ''साधु कौडी रखे तो कौडी का और गृहस्थ कौडी न रखे तो कौडी का।''

कौडी के दो अर्थ हैं-एक है तुच्छ धन और दूसरा अर्थ है- महत्त्वहीन, व्यर्थ या नगण्य। साधु गर तुच्छ से तुच्छ धन एक कौडी भी अपने पास रखता है तो वह कौडी के मूल्य के बराबर तुच्छ और नगण्य है। तब तो वह साधू है ही नहीं। इसके विपरीत यदि गृहस्थ इतना निर्धन है कि उसके पास एक कौडी तक नहीं है तो उसका जीवन व्यर्थ है। वह तो मरे के समान है।

साधु तो पूर्णतः अपरिग्रही और त्यागी है। यदि उसमें त्याग और अपरिग्रह की पूर्णता नहीं तो वह साधु नहीं है। यदि गृहस्थ दरिद्र है तो वह जीने योग्य नहीं है।

गृहस्थ के लिए धन का उपयोग तो सर्वोपरि है ही। अब समस्या यह है कि धन किस प्रकार आए। बडा सीधा-सा समाधान है कि जैसे नदियाँ स्वभाव से ही समुद्र की ओर दौडती है, ठिक इसी प्रकार धर्मशील और पुण्यात्मा के पास लक्ष्मी अपने आप चली आती है। चोरी, बेईमानी, मिलावट, रिश्वत, अनाचार से भी आता है पर वह धन टिकता नहीं है। ऐसा धन रोग, दुर्घटना आदि अनेकों दुखो को साथ लेकर आता है। ऐसे धन से पाप की वृद्धि होती है। पुण्यधन का अर्जन करने की प्रेरणा देनेवाला पर्व है, धनतेरस ।

**बहके कदम हमारे -**

हम लोग बहक गए हैं। धन के लिए जप-तप, पूजा-पाठ करते हैं। देवी-देवताओं को मनाते हैं। और तो और विद्या प्राप्ति के लिए अध्ययन, पठन-पाठन को छोडकर मात्र सरस्वती की पूजा करते हैं। सरस्वती विद्या देवी है। उसका आदर उचित है। पर सरस्वती के मंत्र की माला जपो और पुस्तक खोलकर भी न देखो तो क्या कोई विद्वान बनेगा?

मुझे यह कहते हुए दुख है कि कुछ साधु भी इस रोग से ग्रसित हैं। एक साधु ने कहा-''मैं प्रयास करके भी शास्त्रों को कण्ठस्थ नहीं कर पाता। अतः सरस्वती का कोई ऐसा मंत्र बताइए जिसके जाप से शास्त्र कण्ठस्थ कर सकूँ।''

मैंने उत्तर दिया - 'विद्या की प्राप्ति मंत्र जपने से नहीं, अभ्यास और वैराग्य से होगी। वैराग्य से मेरा अभिप्राय है, अन्य वस्तुओं से विरक्त होकर केवल अध्ययन में मन लगाना। अभ्यास में तीन बातें जरुरी हैं- दीर्घकालता, यानी लम्बे समय तक अभ्यास करो। दूसरी निरन्तरता । अभ्यास लगातार होना चाहिए। ऐसा न हो कि तीन दिन अभ्यास और एक दिन विराम । तीसरी बात है, देर तक अभ्यासरत रहना। इसी तरह शास्त्र कण्ठस्थ होंगे, मंत्र जाप से नहीं।''

**लक्ष्मी का वास -**

यही बात धन के उपार्जन में है। बिना पुरुषार्थ के लक्ष्मी नहीं आती। कहा भी है-

उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः।
दैवेन देयमिति का पुरुषा वदन्ति ।।

अर्थात् उद्योगी पुरुष सिंह ही लक्ष्मी को प्राप्त करता है। हे भाग्य, हे भाग्य की रट तो आलसी लोग

लगाते हैं। यह रटन तो कायरों का आधार है-

कादर मन कहँ एक अधारा ।
दैव-दैव आलसी पुकारा ।।

एक बार इन्द्र ने लक्ष्मी से पूछा- ''महाभागे । तुम्हारा ठौर-ठिकाना कहाँ है? तुम रहती कहाँ हो?''

लक्ष्मी ने उत्तर दिया -

गुरुवो यत्र पूज्यन्ते, वाणी यत्र सुसंस्कृता ।
अदन्तकलहो यत्र, तत्र शक्र । वसाम्यहम ।।

'हे इन्द्र । जहाँ गुरुजनों, माता-पिता तथा वृद्धों के सम्मान, उनकी पूजा होती है और जहाँ उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है। जहाँ बहू सास-ससूर की सेवा में रहती है और बहू को सास-ससुर का स्नेह मिलता है। जहाँ छोटे बडों का आदर करते हैं। जहाँ बडे छोटो की मंगल कामना करते हैं। जहाँ प्रेम, सौहार्द, सौमनस्य और एकता की रसधारा बहती है, मैं वहीं रहती हूँ। इसके विपरीत जहाँ फूट, कलह, घृणा, क्लेश, द्वेष और वैमनस्य रहता है, वहाँ मैं भूलकर भी नहीं जाती।'

लक्ष्मी ने यह नहीं कहा कि धनतेरस के पर्व पर जो मेरी मूर्ति के सामने मोदक और फूल चढाते हैं, मैं वहाँ रहती हूँ। यह भी नहीं कहा कि धनतेरस को जो दूसरों का देय ऋण नहीं देते, मैं वहाँ रहती हूँ। यह भी नहीं कहा कि जो लोग दीपावली को मेरा पूजन करते हैं और जुआ खेलते हैं, मैं वहाँ रहती हूँ।

**पर्व की विडम्बना -**

जो बातें लक्ष्मी ने नहीं कही, उसे प्राप्त करने के लिए हम वही सब करते हैं और उसने जो कहा, उसकी ओर ध्यान नहीं देते। यही हमारे धनतेरस पर्व को मनाने की विडम्बना है कि हम लीक से हट गये हैं। यदि लक्ष्मी को पाना है तो वही करो, जो लक्ष्मी ने देवराज इन्द्र से कहा है। लक्ष्मी धर्म से आती है, पुण्य से आती है, त्याग और परोपकार से आती है पूजा से नहीं । धनतेरस को धन की पूजा तो मानो लक्ष्मी का मखौल उडाना है। लक्ष्मी के रुप को नहीं, उसके स्वरुप को जानने-पहचानने का पर्व है - धनतेरस •

## यह दीपक कभी नहीं बुझता

**लेखक : आचार्य महाप्रज्ञ**

आत्मा एक ज्योजिपुँज है। एक बहिन ने पूछा : 'यदि वह ज्योतिपुँज है, तो उसका वर्ण कैसा है ?

आत्मा एक ज्योतिपुँज है । एक भाई ने पूछा : 'यदि वह ज्योतिपुँज है, तो दीये की भाँति दिखायी क्यों नहीं देता ?

आत्मा ज्योतिपुँज है, तो उसका कोई वर्ण होना चाहिये । आत्मा ज्योति-पुँज है, तो उसे जलते हुए दीपक की भाँति दिखाई देना चाहिये, किन्तु न उसमें कोई वर्ण है और न वह जलता हुआ दिखाई देता है ।

एक आदमी कमरे में गया । अन्दर बिजली जल रही थी । कुछ ही क्षणों के पश्चात् बिजली चली गयी। अँधेरा छा गया । कुछ भी न सूझ रहा था । कोई भी वस्तु दिखायी नहीं दे रही थी । बाहर खडे एक आदमी ने पूछा : 'भीतर कौन है ?' उसने कहा, 'मैं हूँ ।'

'मैं हूँ' यह कैसे देखा ? भीतर अन्धेरा है कुछ भी दिखायी नहीं दे रहा है, यह कैसे जाना ? यदि आत्मा ज्योतिपुँज नहीं है तो कैसे दिखा कि 'मैं हूँ ।' यदि आत्मा ज्योतिपुँज नहीं है, दीपक की भाँति ज्योतिर्मय नहीं है तो कैसे दिखा कि 'मैं हूँ'। कितना ही सधन अन्धकार हो, व्यक्ति चाहे भूगृह में खडा हो, किन्तु 'मैं हूँ' यह दीपक कभी नहीं बुझता । यह जलता रहता है। 'मैं हूँ इतनासा प्रकाश पर्याप्त है, यह समझने के लिए भीतर कोई ज्योतिपुँज है । प्रकाश की यह एक किरण पर्याप्त है । यदि हमारी यात्रा ज्योतिपुँज की दिशा में चले, हमारे प्राण की सारी ऊर्जा उसी ओर प्रवाहित हो, तो एक-न-एक दिन उस ज्योतिपुँज का साक्षात्कार अवश्य होगा । उसमें चाहे वर्ण हो या न हो, ज्वलनशीलता हो या न हो, वह साक्षात् होगा । •